दिनांकः 28.12.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार अब से कुछ देर पहले नई दिल्ली में पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया। पूर्व प्रधानमंत्री का पार्थिव शरीर निगमबोध घाट स्थित श्मशान घाट लाया गया जहां विधिवत रूप से उन्हें अंतिम विदाई दी गई। इससे पहले डॉ. मनमोहन सिंह की पार्थिव देह को कांग्रेस मुख्यालय रखा गया, जहां पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पार्टी की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी सहित कई कांग्रेस नेताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री को अंतिम श्रद्धांजलि दी। निगम बोध घाट पर डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धाजंलि देने वालों में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, तीनो सेनाओं के प्रमुखों के साथ कई राजनेताओं पार्टी पदाधिकारियों तथा कई देशों के प्रतिनिधि शामिल रहे। सेना की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।
बाद में मनमोहन सिंह का पार्थिव शरीर सिख धर्म के अनुसार पंचतत्व में विलीन किया गया।

..........................................................................

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा है कि सरकार पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के स्मारक के लिए जगह आवंटित करेगी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सरकार को कल इस संबंध में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से अनुरोध प्राप्त हुआ है। मंत्रालय ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के तुरंत बाद गृह मंत्री अमित शाह ने श्री खरगे और डॉ. मनमोहन सिंह के परिवार को बताया कि सरकार स्मारक के लिए जगह आवंटित करेगी। इस बीच भारतीय जनता पार्टी के सांसद और प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा है कि भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार देश के आर्थिक विकास की मजबूत आधारशिला रखने वाले पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह को उचित सम्मान देने के प्रति पूर्णरूप से वचनबद्ध है। डॉक्टर मनमोहन सिंह के स्मारक के लिए स्थान आवंटित करने के मुद्दे पर श्री त्रिवेदी ने कहा कि भूमि अधिग्रहण, ट्रस्ट् के गठन और भूमि हस्तांगतरण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद जल्द से जल्द स्मारक बनाने का काम शुरू किया जाएगा।

..........................................................................

डीप फेक और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का दुरूपयोग कर सोशल मीडिया पर गलत खबरें फैलाने की बढ़ती हुई घटनाओं को देखते हुए राज्य सरकार ने एडवाइजरी जारी की है। इससे आमजन में साइबर सुरक्षा और साइबर स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। एजवाइजरी में व्यक्तियों और संगठनों को डीपफेक के संभावित खतरों को पहचानने और उनसे बचाव के लिए सुझाव दिये गए हैं। गौरतलब है कि डीपफेक एक तकनीक है जिसमें एआई का उपयोग कर हूबहु और विश्वसनीय लगने वाले नकली वीडियो, चित्र और ऑडियो बनाए जाते हैं। इसके जरिये गलत सूचनाएं फैलाने, साइबर धोखाधड़ी और वित्तीय ठगी करने का काम किया जाता है।

..........................................................................

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ और जानकारी आम किसान को देने के लिए कृषि विभाग लगातार कोशिश कर रहा है। विभाग की टीम दूर दराज के गांव ढाणियों का दौरा कर किसानों को जागरूक कर रही है। इसी कम में अजमेर पंहुची टीम ने ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर भारत सरकार के कृषिका एप पर गैर ऋणी कृषकों के साथ प्रयोगिक परीक्षण किया।

..........................................................................

अजमेर में ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के 813वें उर्स की आज से अनौपचारिक शुरूआत हो जायेगी। शाम को भीलवाड़ा के गौरी परिवार द्वारा परम्परागत रूप से अस्र की नमाज के बाद बुलंद दरवाजे पर झंडा चढ़ाने की रस्म अदा की जायेगी। रजब माह का चांद दिखने पर ही औपचारिक रूप से उर्स की रस्में शुरू होगी।

..........................................................................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 117वीं कड़ी होगी। मन की बात का प्रसारण

आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ ऑन ए.आइ.आर. मोबाइल ऐप पर किया जाएगा।

.........................................................................

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के असर से बने तंत्र का प्रभाव आज भी जारी है। इसके चलते अनेक स्थानों पर बारिश की गतिविधियां दर्ज की गई है। जयपुर और पूर्वी जिलों के साथ ही दक्षिणी हिस्सों में भी कई स्थानों पर सुबह से रूक–रूक कर हो रही बूंदाबांदी से सर्दी का असर बढ गया है। शेखावाटी और उत्तरी जिलों के साथ सरहदी इलाको में आज सुबह से घना कोहरा छाया हुआ है।

.........................................................................